प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्राकृतिक रूप से पुरानी बीमारियों का उपचार एवं रोकथाम पर व्याख्यान

पंतनगर। 30 सितम्बर 2024 विश्वविद्यालय के गांधी हाल में छात्र कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक रुप से पुरानी बीमारियों के उपचार के संबंध में 'प्लांट बेस्ड वेलनेस फाउंडेशन' के श्री ललित एम. कपूर के व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्री ललित एम. कपूर द्वारा अपनी जीवन शैली को बदलकर फलों, सब्जियों एवं प्राकृतिक अनाजों के सेवन से असाध्य रोगों से मुक्ति पाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने व्याख्यान द्वारा बताया की उक्त रक्तचाप, मधुमेह, गाउट, हृदय रोग इत्यादि कई पुरानी बीमारियों को पौधों पर आधारित भोजन के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। व्याख्यान में पन्तनगर विश्वविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग कर शोध आधारित व्याख्यान से लाभ प्राप्त किया गया। श्री कपूर ने बताया की जीवन शैली में बदलाव और पौधों पर आधारित संपूर्ण भोजन अपनाकर बीमारियों को दूर किया जा सकता है और पौधों पर आधारित भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये किसानों का खेती विशेषकर जैविक खेती के लिए प्रेरित किये जाने की आवश्यकता है। स्वस्थ जीवन शैली के पाँच स्तम्भों यथा भोजन, विषाक्त पदार्थों का निष्कासन, शारीरिक द ाड़ी, व्यायाम तथा भावनात्मक एवं आध्यात्मक जुड़ाव पर जोर देते हुए बताया कि स्वच्छ शाकाहारी भोजन लम्बी आयु प्राप्त करने का आधार है। कार्यक्रम की अध्यक्षा कार्यवाहक कुलपति डा. अलका गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा की गई। डा. गोयल ने श्री कपूर की बातों का समर्थन करते हुए परिवार में बड़े बुर्जगों का आदर एवं उनसे भावनात्मक लगाव बनाये जाने पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनन्द सिंह जीना द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तथा अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ओम प्रकाश द्वारा श्री ललित एम. कपूर जी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डा. शोभित गुप्ता, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. श्वेता राय, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

1 एवं 2. कार्यक्रम में संबोधित करते प्लांट बेस्ड वेलनेस फाउंडेशन के श्री ललित एम. कपूर।

निदेशक संचार